एफएसएसएआई
fssai

For immediate release

प्रेस विज्ञप्ति

क्षेत्रीय भाषाओं में शुरुआत के साथ फॉसकॉस (FoSCoS) हुआ उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक अनुकूल

नई दिल्ली, 14 नवंबर, 2023: उपयोगकर्ता अनुभव और पहुँच को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के अंतर्गत भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली (FoSCoS) पोर्टल को कई क्षेत्रीय भाषाओं में लॉन्च किया है। यह पोर्टल अब हिंदी और अंग्रेजी के अलावा गुजराती, तमिल, तेलुगु, मराठी भाषाओं में भी उपलब्ध है तथा जल्द ही इसे कन्नड़ा, पंजाबी, मलयालम, असमिया, बंगाली और ओडिया भाषाओं में भी लॉन्च करने की योजना है।

इस नए परिवर्तन का उद्देश्य स्थानीय खाद्य व्यवसायों के लिए उपयोगकर्ता अनुभव को और समृद्ध करना है, जिससे वे एफएसएसएआई के ऑनलाइन अनुपालन पोर्टल यानी FoSCoS से आसानी से जुड़ सकें। इस प्रयास की परिकल्पना उपयोगकर्ताओं की एक विस्तृत श्रृंखला को सशक्त बनाने, बढ़ी हुई भागीदारी को बढ़ावा देने और खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र के भीतर समग्र अनुपालन को बढ़ाने के लिए की गई है।

वर्ष 2020 में देश भर में लॉन्च किया गया FoSCoS तेजी से खाद्य व्यवसायों और नियामक अधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित हुआ है, जो सभी अनुपालन-संबंधी गतिविधियों को सुव्यवस्थित करता है। इस प्रणाली ने विभिन्न खाद्य सुरक्षा प्रक्रियाओं के डिजिटल परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे देश भर में खाद्य व्यवसायों के लिए नियामक मानदंडों का पालन सरल हो गया है।

हाल ही में, 14 सितंबर, 2023 को मनाए गए हिंदी दिवस के अवसर पर, एफएसएसएआई ने हिंदी में FoSCoS पोर्टल लॉन्च किया।

एफएसएसएआई का मानना है कि पोर्टल की भाषाई विविधता नियामक परिदृश्य में FoSCoS को एक आवश्यक उपकरण के रूप में स्थापित करेगी, जिससे देश भर में एक सुरक्षित और अधिक अनुपालन वाली खाद्य व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।